राजस्थान विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री ली थी। श्री धनखड़ 1989 में झुंझनू लोकसभा से निर्वाचित हुए थे। 1990 में संसदीय कार्य राज्यमंत्री बने थे। जुलाई 2019 में धनखड़ को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया गया था। राज्यपाल रहने के दौरान ही उन्हें उपराष्ट्रपति के लिए घोषित किया गया था। तत्पश्चात् उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

302. 'शुभ शक्ति योजना' 2022 के अन्तर्गत राजस्थान सरकार महिलाओं/बालिकाओं के आत्म निर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए .... की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

(a) 40,000 रुपये (b) 45,000 रुपये
(c) 50,000 रुपये (d) 55,000 रुपये

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (d) : 'शुभ शक्ति योजना' 2022 के अन्तर्गत राजस्थान सरकार महिलाओं/बालिकाओं को आत्म निर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए 55,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
इस योजना के अंर्तगत वही महिलाए आवेदन कर सकती है, जो 8वीं पास हो तथा जिनकी आयु 18 वर्ष हो या 18 वर्ष से अधिक हो और अविवाहित हो।

303. दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त बच्चों व वयस्कों के लिये क्राउड फंडिंग के लिए सरकार ने किस पोर्टल को लॉन्च किया है?

(a) क्राउड फन्डिंग (b) राज सम्बल
(c) दुर्लभ बीमारी (d) राज फंडिंग

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : राजस्थान राज्य सरकार ने दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त बच्चों व वयस्कों के लिए क्राउड फंडिंग के लिए 'राज सम्बल' पोर्टल को लांच किया है।

304. स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान ने .... तक तपेदिक (टीबी) को खत्म करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से एक 'टीबी मुक्त राजस्थान' अभियान प्रारम्भ किया है।

(a) 2023 (b) 2024
(c) 2025 (d) 2026

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : केन्द्र सरकार के कार्यक्रम के तहत राजस्थान ने 2025 तक तपेदिक (TB) को खत्म करने के उद्देश्य से एक 'टीबी मुक्त राजस्थान' अभियान प्रारम्भ किया है। राजस्थान के कोटा, जयपुर, बांसवाड़ा, झुंझनू, सीकर और श्रीगंगानगर जिले में टीबी को रोकने के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। टीबी मरीजों के पोषण हेतु प्रतिमाह 500 रुपये दिये जा रहे हैं जिससे वे पोषण पर ध्यान दे सकें।

305. राजस्थान के किस जिले की सरस डेयरी ने 17 अगस्त 2022 को अपनी स्वर्ण जयन्ती मनाई?

(a) अजमेर (b) अलवर
(c) जयपुर (d) किशनगढ़

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (a) : 17 अगस्त 2022 को सरस डेयरी (अजमेर) ने अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। अजमेर की सरस डेयरी की स्थापना 17 अगस्त 1972 को हुई थी। सरस डेयरी वर्ष 2022 में 50वां स्थापना दिवस मना रही है। इस डेयरी का सालाना टर्न ओवर 915 करोड़ रूपये है।

306. 28 मई 2022 को देश में अपनी तरह का पहला सौर पवन संकर विद्युत उत्पादन संयंत्र कहाँ शुरू किया गया है?

(a) बाड़मेर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) बीकानेर

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : 28 मई, 2022 को अडानी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर फॉरेस्ट लिमिटेड (एएचजेओएल) ने जैसलमेर में 390 मेगावाट का हाइब्रिड पावर प्लांट शुरू किया है। पवन और सौर ऊर्जा (संकर विद्युत) के संयोजन के साथ, देश में अपनी तरह का पहला हाइब्रिड बिजली उत्पादन संयंत्र है।

307. सरिता मोर सम्बन्धित है–

(a) जूडो से (b) कुश्ती से
(c) जिम्नास्टिक से (d) गोलाफैंक से

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : सरिता मोर एक फ्रीस्टाइल पहलवान है। उसने 2017 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में 58 किलो भार वर्ग में रजत पदक और 59 किलोग्राम भार वर्ग में 2020 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्णपदक जीता है। हाल ही में विश्व रैंकिंग श्रृंखला 2020 अलमाटी (कजाकिस्तान) में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी श्रेणी 59 किलोग्राम भार वर्ग में विश्व नंबर 1 रैंकिंग तक पहुँचने के कारण चर्चा में है। सरिता मोर मूलतः हरियाणा की रहने वाली है।

308. गुरु गोवालकर जनभागीदारी योजना का नाम बदलकर रखा गया–

(a) जवाहर जन भागीदारी योजना
(b) महात्मा गाँधी जन भागीदारी योजना
(c) मुख्यमंत्री जन भागीदारी योजना
(d) गुरु गोविन्द जन भागीदारी योजना

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : राजस्थान ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग ने 'गुरु गोवालकर जनभागीदारी योजना' का नाम बदलकर 'महात्मा गांधी जन भागीदारी योजना' कर दिया।
राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, रोजगार सृजन में स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2010-11 में ग्रामीण जनभागीदारी विकास योजना शुरू की गयी थी। 2014-15 में इसका नाम परिवर्तित करके गोलवलकर जनभागीदारी विकास योजना कर दिया गया था।